# राहत की बारिश के बाद बढ़ी उमस भरी गर्मी

## प्री-मानसून की गतिविधि तेज, दो दिन पहले हुई थी झमाझम बारिश, तापमान में आई गिरावट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, जिले में दो दिन पूर्व राहत की बारिश हुई थी और उसके बाद उमस भरी गर्मी बढ़ गई है. प्री-मानसून की गतिविधियां बढ़ गई है साथ ही बादलो की लुका छिपी जारी है. बारिश के बाद रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई थी. लेकिन दूसरे दिन से तापमान बढ़ गया. पिछले तीन दिन से तापमान 40 डिग्री के नीचे चल रहा है, शनिवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री रहा.**



मौसम विभाग की माने तो अगले दो-तीन दिनो में तापमान में कोई खास परिवर्तन नही होगा. लेकिन तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है. गौरतलब है कि जिले में प्री-मानसून की गतिविधियां तेज हो गई है. वैसे तो 15 जून से मानसून दस्तक दे देता है अगर सब कुछ ठीक रहा तो समय पर मानसून आ जाएगा. लेकिन जिस तरह से दो दिन पूर्व झमाझम बारिश हुई है उससे खेतो में किसानो ने बोनी को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. शनिवार को तेज धूप दिन भर रही लेकिन शाम को हल्के बादल आ गये. जिले के कुछ हिस्सो में हल्की बूंदाबांदी भी हुई है. बारिश होने के बाद लू और धूप से राहत तो मिली है लेकिन उसम भरी गर्मी बढ़ गई है.

बताया गया है कि पूर्वी मध्य प्रदेश में वातावरण में नमी बढ़ रही है जिसके चलते आने वाले दिनो में बादलो की सक्रियता और बढ़ जाएगी तथा प्री-मानसून गतिविधियों में तेजी आने के संकेत है. पिछले कई दिनो से तापमान 40 डिग्री के नीचे बना हुआ है, हालाकि जिस तरह से मौसम है उससे नही लगता कि तापमान और तेज होगा. केवल उमस रहेगी.

### खाद बीज को लेकर शुरू हुई मारामारी

खरीफ की बोनी अभी शुरू नही हुई है लेकिन खाद बीज को लेकर मारामारी शुरू हो चुकी है. खेतो में जहा बोनी की तैयारी में किसान जुट गये है वही समितियों में खाद-बीज का टोटा बना हुआ है. डबल लाक केन्द्र से खाद का वितरण हो रहा है जबकि समितियों के पास खाद नही है. पूर्व मे जिस प्रकार से खाद को लेकर किसानों को परेशानी झेलनी पड़ी थी और लाठी खानी पड़ी थी वह किसानो को याद है. लिहाजा लाठी और भीड़ से बचने के लिये किसानो ने पहले से ही खाद की व्यवस्था में जुट गये है. लिहाजा डबल लाक केन्द्रो से किसान खाद ले रहे है. जहा टोकन सिस्टम से खाद का वितरण किया जा रहा है. लेकिन भीड़ ज्यादा होने के कारण खाद वितरण में दिक्कत आ रही है. किसानो का कहना है कि अभी से खाद लेकर रख लें नही तो समय आने पर खाद नही मिलती. पहले से ही खाद स्टोर करने के चक्कर में खाद की कमी केन्द्रो में होने लगी है. जैसे ही मानसून की बारिश शुरू होगी किसानो की बोनी भी होने लगेगी. तब खाद बीज की मारामारी और हो जाएगी. इसी लिये किसान अभी से यूरिया और डीएपी लेकर सुरक्षित रखना चाहते है.



# डीहार गांव में देर रात घुसे हाथी के जोड़े, ग्रामीणों में दहशत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डीहार में एक सप्ताह बाद फिर हाथी के जोड़े देर रात पहुंचे है. यहां हाथी के जोड़े गांव में घुस गए और बगीचे सहित बाडियों को तोड़ते हुए भारी नुकसान पहुंचाया है इस दौरान ग्रामीणों ने एकत्रित होकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया है.**

बता दें बीते कई माह से भटके दो हाथियों के जोडे रीवा मऊगंज और सीधी जिले में लगातार अपना डेरा जमाए हुए हैं. मऊगंज जिले के डीहार गांव में लगातार हाथियों का मूवमेंट देखा जा रहा था जिसके बाद जंगल विभाग की टीम पहुंची थी और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया था. तकरीबन एक सप्ताह बाद फिर बीती रात्रि हाथी के जोड़े डीहार गांव पहुंचे जहां गांव के अंदर घुस आए जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई. इस दौरान गांव के कई लोगों ने एकत्रित होकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड दिया लेकिन उससे पहले हाथियों ने बगीचे और वाडीयों को भारी नुकसान पहुंचा है. ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा तरबूज खरबूज खीरा और ककड़ी की खेती की गई थी जिसे हाथियों ने पांव से कुचल कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है. हाथियों के इन जोड़ों को लेकर ग्रामीणों में दहशत है उन्होंने प्रशासन से इन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की मांग की है. पिछले कई माह से हाथी का जोड़ विंध्य क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है. कभी सीधी तो कभी मऊगंज तो कभी गोविंदगढ़ क्षेत्र में भटकते है.

# जमीन के हिस्से को लेकर देवर ने भाभी का फोड़ा सिर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, जमीन के हिस्से को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बदिगवा गांव में देवर ने अपनी भाभी के साथ मारपीट कर दी.**

हमले में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है घायल महिला का उपचार नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बदिगवा निवासी रूपवती साकेत 57 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका अपने देवर सत्यभान साकेत से जमीन के हिस्से को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. इसी रंजिश के चलते शुक्रवार की शाम दोनों के बीच कहासुनी हो गई. रूपवती का आरोप है कि उसने अपने हिस्से की जमीन छोड़ने की बात कही तो सत्यभान साकेत भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने हाथ, घूंसे और डंडे से हमला कर दिया. मारपीट के दौरान महिला के सिर, बाएं हाथ, कमर और पीठ में चोटें आई. सिर में गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा और अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के दौरान महिला की चीख-पुकार सुनकर रामसिया साकेत और मल्लू साकेत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया. आरोप है कि जाते-जाते सत्यभान साकेत ने दोबारा जमीन के हिस्से की बात करने पर जान से मारने की धमकी भी दी. नईगढ़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

# लोक कल्याण शिविर में लिए गए आवेदन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, ''लोक कल्याण मेला'' के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 13 जून को नगर निगम के चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया.**

शिविरों में बड़ी संख्या में पथ विक्रेताओं ने पहुंचकर योजना का लाभ उठाया तथा विभिन्न ऋण श्रेणियों एवं क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए. नगर निगम के जोन क्रमांक 01 के वार्ड क्रमांक 05 स्थित ढेकहा तिराहा, जोन क्रमांक 02 के वार्ड क्रमांक 07 सिरमौर चैक क्षेत्र (फल एवं सब्जी हॉकर्स कॉर्नर), जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 15 रतहरा नहर के पास तथा जोन क्रमांक 04 के वार्ड क्रमांक 39 महामृत्युंजय कॉम्प्लेक्स (एसएएफ चैराहा) में शिविर लगाए गए.

## संक्षिप्त

### शिक्षक संघ की बैठक आज

**रीवा,** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला रीवा की बैठक 14 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक रीवा में दोपहर 12 :00 से आयोजित की गई है. जिसमें टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 18 जून 26 को प्रदेश भर में जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंप जाने के संबंध में रूपरेखा एवं रणनीति तैयार की जानी है. मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद राज्य सहित देश भर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है. मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला रीवा के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने जिले के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, जिले में निवास रात सभी प्रांत एवं सभी संभागीय पदाधिकारी विकासखंड, नगर, तहसील के समस्त अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, सह संगठन मंत्री एवं सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है.



### विधायक सिद्धार्थ ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

**रीवा,** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत त्योंथर विधानसभा के कटरा मंडल में विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज नेप्रबुद्धजनों,व्यापारियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों एवं युवाओं से संपर्क कर जनसंवाद किया. इस दौरान विधायक ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर विस्तार से चर्चा की. श्री तिवारी ने कहा कि जिस गौरवशाली भारत का वर्णन इतिहास के पन्नों में मिलता है, आज उसे पुन: उसके वैभवशाली स्वरूप में स्थापित करने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में किया जा रहा है. भारत आज वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना चुका है और आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी तथा सामरिक क्षेत्रों में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है. श्री तिवारी ने आगे कहा कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है. जनसंपर्क अभियान के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों से संवाद कर उनके सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा विकसित भारत के निर्माण में समाज की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया. इस अवसर पर कटरा मंडल अध्यक्ष सावेंद्र शर्मा, जनसंपर्क टोली के सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे.

### अग्रवाल समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया

**रीवा,** अग्रवाल समाज रीवा के फ़ोर्ट रोड़ स्थित माँ लक्ष्मी मंदिर के पूर्व प्रभारी एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल रीवा के पूर्व उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल का आकस्मिक निधन 31 मई को हो गया था. जिनकी श्रद्धांजलि सभा अग्रवाल समाज भवन में 13 जून सांयकाल में आयोजित की गई. संजय अग्रवाल विलक्षण प्रतिभा के सरल सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे. शोक व्यक्त करने वालों में अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड.सुनील अग्रवाल, मंत्री एड. नूतन अग्रवाल, महिला महासभा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीना बंसल, मंडल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी, पूर्व मंत्री मनोज अग्रवाल, कैलाशचंद्र अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, एड.संतोष अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, डी.डी.अग्रवाल, गीता अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल पप्पू, मदनमोहन अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, इंजी.विष्णु अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल आदि समाज के वरिष्ठजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया.

# साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम में दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, श्रवण एवं वाक् बाधित व्यक्तियों के विधिक अधिकारों, उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं तथा विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जनजागरूकता अभियान 'अनुगूंज' का ई-आयोजन किया गया.**

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक प्रमुख मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर भवन, रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा की उपस्थिति रही. जिसमें श्रवण एवं वाक् बधिक व्यक्तियों के अधिकारों की जानकारी शिविर में दी गई.

# बाढ़ आपदा से निबटने टीम के साथ खोला गया कंट्रोल रूम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, रीवा शहर में बाढ़ आपदा एवं राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम रीवा की संयुक्त टीम का आदेश जारी कर दिया गया है.**



शहरी क्षेत्र में बाढ़, अतिवृष्टि एवं जलभराव की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम का कंट्रोल रूम 24 घंटे, सातों दिन सक्रिय कर दिया गया है. बाढ़ आपदा से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं. प्रभारी कलेक्टर एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन ने जिला प्रशासन, नगर निगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में बाढ़ आपदा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक की और निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं वह उनका पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करें. नगर निगम रीवा कार्यालय में तत्काल प्रभाव से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है.

अनुराग तिवारी अनुविभागीय दंडाधिकारी हुजूर को संपूर्ण व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. अनुपम पाण्डेय, तहसीलदार एवं प्रकाश द्विवेदी, उपायुक्त वित्त नगर निगम सहायक नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व संभालेंगे. अन्य दायित्व अधिकारियों को दिये.

# संभागीय प्रेक्षक ने मतदाता सूची के अंतर को समाप्त करने पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 13 जून, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय प्रेक्षक ए.के. सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन नामावली वर्ष 2026 के तहत पंचायत तथा नगरपालिकाओं की मतदाता सूचियों में दर्ज मतदाताओं के अंतर के संबंध में समीक्षा बैठक हुई.**



प्रेक्षक श्री सिंह ने जिले की विधानसभा निर्वाचक नामावली तथा पंचायत एवं नगरपालिकाओं की प्रारूप मतदाता सूचियों के तुलनात्मक परीक्षण की समीक्षा करते हुए कहा कि दोनों सूचियों में पाए गए अंतर को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करने की कार्यवाही करें. उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरपालिकाओं की मतदाता सूचियों में अधिक दर्ज मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण एवं सत्यापन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सभी मतदाता सूचियां अद्यतन एवं त्रुटिरहित बन सकें. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संभागीय प्रेक्षक ने कहा कि ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं में उपलब्ध मृत्यु प्रमाण-पत्रों के आधार पर मृतक मतदाताओं के नाम नियमानुसार मतदाता सूची से विलोपित किए जाएं. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.

# बाल श्रम के दुष्प्रभाव को लेकर किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा द्वारा श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बाल श्रम उन्मूलन एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया.**

अभियान के दौरान बच्चों को बाल मजदूरी से होने वाले दुष्प्रभावों तथा शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया. यह कार्रवाई राज्य शासन द्वारा जून माह को बाल श्रम उन्मूलन के रूप में मनाए जाने संबंधी जारी अधिसूचनाओं एवं निर्देशों के अनुरूप की गई.

निर्देशों के तहत बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण, बच्चों की पहचान, बचाव एवं पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों को समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं.



# कांग्रेस केवल खोखले वायदे करती रही पीएम मोदी ने काम करके दिखाया : शर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन भाजपा कार्यालय अटल कुंज में प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा न कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया.**

विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ता सौभाग्यशाली है जिन्हें पार्टी में कार्य करने का मौका मिला है. देश के लिए बलिदान भाजपा और श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया. कांग्रेस केवल खोखले वादे करती है. मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास में 4 करोड़ लोगो को पक्के मकान दिये है, 4 करोड़ लोगों का और देने का वादा किया है. 12 करोड़ शौचालय बनवाये, उज्जवला गैस कनेक्सन् लोगो को दिया. आयुष्मान भारत योजना का लाभ जन जन तक पहुचाया. यूपीआई, पेटीएम से लोगो को जोड़ने का काम किया. वंदे भारत ट्रेन मोदी जी की देन है. एयरपोर्टो की संख्या काफी तेजी से बढाने का कार्य भी किया. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति मौजूद रही.

# परिवार के पहले शासकीय सेवक बने बाबूलाल

**रीवा, 13 जून,** कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लगातार संघर्ष के बल पर युवा अपनी मंजिलों को हासिल कर ही लेते हैं. ऐसा ही कुछ कर दिखाया है रीवा जिले के ग्राम बुसौली नंबर 2 के निवासी बाबूलाल रावत ने. बाबूलाल का चयन भारतीय सेना में हुआ है, जिससे न केवल उनके गांव में बल्कि उनके शिक्षण संस्थान में भी हर्ष का माहौल है. बाबूलाल रावत शासकीय आईटीआई रीवा के इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के छात्र रहे हैं. उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में शामिल होने का उनका यह सफर आसान नहीं था. इस मुकाम तक पहुँचने के लिए उन्होंने पिछले चार वर्षों तक लगातार कड़ा संघर्ष और अथक परिश्रम किया है. आखिरकार उनकी यह तपस्या रंग लाई और उन्हें देश सेवा करने का यह सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ. बाबूलाल के इस चयन से उनका पूरा परिवार गौरवान्वित है. वे अपने पूरे परिवार के पहले ऐसे लड़के हैं, जिन्हें शासकीय सेवा में आने और देश की रक्षा करने का सौभाग्य मिला है. बाबूलाल ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया.

# शहर के मुख्य मार्ग की खुली नालियां हादसे को दे रही आमंत्रण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, बरसात आने के पहले बाढ़ आपदा से निपटने के लिये नगर निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है. बड़े नालो की जहा सफाई चल रही है वही ऐसी कई नालियां है जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है. 4 से 5 फुट गहरी नालियां खुली हुई है जिसमें कभी भी कोई गिर कर दुर्घटना का शिकार हो सकता है. बरसात के समय नालियां उफान पर होती है ऐसे में गहराई का पता नही चलता और हादसे का शिकार लोग हो जाते है.**



गौरतलब है कि सिरमौर चौराहे में मुख्य डाकघर के सामने नाली खुली हुई है. सिरमौर चौराहे से जब रतहरा के तरफ बढ़ते है तो डाक घर के बाउंड्री से लगी कई मीटर की खुली नाली है जो बेहद गहरी है. अगर कोई वाहन अनियंत्रित होकर नाली में समा जाय तो बचना मुश्किल है. जहा पर यह नाली खुली है वहा राहगीरो के साथ वाहनो की भीड़ लगी रहती है, अक्सर यहा से लोग अपने गंतव्य के लिये आटो एवं बस पकड़ते है. जिस तरह से नाली खुली हुई है कोई भी इसमें गिर सकता है.

कई बार स्थानीय लोगो ने नगर निगम में शिकायत कर नाली को ऊपर से बंद करने के लिये कहा लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई. इसी तरह अन्य स्थानो पर भी खुली गहरी नालियां है जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है. पीके स्कूल के आगे सोनी बिल्डिंग के पास घोघर जाने वाले मार्ग में इसी तरह एक गहरी नाली खुली हुई थी जिसे नगर निगम द्वारा बंद कराया गया और उसके बाद से सड़क भी चौड़ी हो गई. खतरनाक और दुर्घटना को आमंत्रण देने वाली नालियो को ऊपर से नगर निगम को बंद कराना चाहिये.

### नगर निगम में डम्प है टेंडर की फाइलें

बरसात के पूर्व सड़क, नाली को लेकर निर्माण शाखा द्वारा कई कार्यो का टेंडर कराया गया. टेंडर खुलने के बाद संबंधित ठेकेदार को काम भी मिल गया. लेकिन टेंडर समिति द्वारा अभी अनुबंध ठेकेदारो से नही कराया गया है और कार्यादेश जारी नही किया गया. जबकि चार दिन बाद बरसात शुरू हो जाएगी. टेंडर की फाइले अधिकारियों के टेबल में धूल खा रही है. जब बरसात में कार्यादेश जारी होगा तो ठेकेदार कब काम करेंगे.